सेन्ट मोन्टफोर्ट विद्यालय का वार्षिक क्रीडा समारोह 2016

दिनांक 2 दिसम्बर 2016 – सेंट मोन्टफोर्ट, विद्यालय पटेल नगर में तीन दिवसीय वार्षिक खेल – उत्सव का अंतिम तीसरा चरण कक्षा 7 वीं से 12 वीं तक सम्पन्न हुआ ।
समारोह के मुख्य अतिथि श्री दीपक जोशी तकनीकी शिक्षा मंत्री मध्यप्रदेश, तथा विशेष अतिथि श्री जोस चाको जिला खेल अधिकारी एवं सुरेन्द्र वाडिका एम. आई सी. मेम्बर (पार्षद) भोपाल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना – नृत्य से हुआ इसी के अनंनतर विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स ने सभी सम्मानीय अतिथिगण विद्यालयों के प्राचार्यों ,अभिभावकों का स्वागत किया।

इसके पश्चात् विद्यालय के सेकेण्डरी विभाग के खेल–सचिव 'मास्टर सोमेश पंजवानी के साथ सभी खिलाड़ियों तथा विद्यालय के सभी हाउस टैगोर, भाभा, गाँधी और, टेरेसा हाउस ने खेल भावना तथा संयमित व्यवहार अनुशासन से खेलने की शपथ ली ।

राष्ट्रीय–स्वच्छ–भारत–अभियान के चलते पूर्ण खेल–उत्सव की थीम '**ग्रीन इंडिया ग्रीन मोन्टफोर्ट**' रखी गई।जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्वच्छ–भारत , व सेलीब्रेटिंग–ग्रीनरी आदि विभिन्न सांस्कृतिक–कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति देते हुए भविष्य में पर्यावरण सुरक्षा के लिए हरियाली रखने तथा व्याप्त प्रदूषण की समस्या का निराकरण कर स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया । और अपने आस–पास से शुरू करके पूरे भारत में स्वच्छता व हरियाली बनाये रखने का संकल्प लिया।

छात्रों ने विद्यालय में आयोजित विभिन्न खेल–प्रतियोगिताएँ 50 मीटर , 100 मीटर , 200मीटर , 400 मीटर रेस, टग ऑफ वार , रिले रेस , मेक गारलेंड–रेस तथा मार्च–पास्ट में हिस्सा लेकर अपना क्रीड़ा–कौशल दिखाया ।

अंत में कक्षा 7वीं से 12 वीं के सभी छात्रों लगभग 1200 द्वारा जुंबा का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य–अतिथि श्री दीपक जोशी जी ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को खेल व अनुशासन का महत्व समझाया व सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये व शुभकामनाएँ दी।

अंत में ब्रदर जेम्स एक्का ,प्रोविनशियल सुपिरियर ने खेल–उत्सव के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

प्राचार्य